भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 6008
जिसका उत्तर मंगलवार 11 अप्रैल, 2017 को दिया जाना है

कारों की बिक्री

6008. श्री राधेश्याम बिश्वास:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत दो वर्षों और चालू वर्ष के दौरान घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निर्मित कारों की कुल कितनी संख्या में बिक्री हुई है;

(ख) क्या उच्च मुद्रास्फीति दरों और पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी ने कारों की मांग को अत्यधिक प्रभावित किया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने आने वाले दिनों में कारों की मांग के लिए बाजार में तेजी लाने के संबंध में कोई कदम उठाए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क): सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सिआम) ने विगत 2 वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री पर ब्यौरे उपलब्ध करवाएं हैं, जो कि निम्नानुसार हैः-

श्रेणी	**2014-15**	**2015-16**	**2016-17 (अप्रैल-फरवरी)**
यात्री कार	18,77,706	20,25,479	19,12,931
उपयोगिता वाहन (एमयूवी)/एसयूवी)	5,52,135	5,86,664	6,84,306
वैन	1,71,395	1,77,535	1,66,969
कुल यात्री वाहन	26,01,236	27,89,678	27,64,206

(ख) और (ग): सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सिआम) ने सूचित किया है कि मुद्रास्फीति दरें विगत 2 वर्षों में कम हुई हैं और हाल ही में ईंधन की कीमतों में बहुत अधिक बदलाव नहीं हुआ है। अतः इन कारकों के कारण बिक्री पर कोई प्रमुख प्रभाव नहीं देखा गया है।

(घ) और (ङ): उपर्युक्त (ख) और (ग) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

*****